Patrika (Indore), 18th November 2020, Page-5

## सभी ब्रांच के नए विद्यार्थियों के लिए 20 से लगेगी ऑनलाइन क्लास

# आइआइटी में मिला दाखिला, लेकिन अभी घर से ही करेंगे बीटेक की पढ़ाई

इंदौर @ पत्रिका. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी), इंदौर में दाखिला लेने वालों को अभी संस्थान की जगह अपने-अपने घरों से ही पढ़ना होगा।

कोविड-19 के मद्देनजर प्रबंधन ने ऑनलाइन कक्षाओं से पढ़ाई शुरू करने का निर्णय लिया है। ये कक्षाएं इसी शुक्रवार से लगेंगी। पहली बार आइआइटी का इंडक्शन प्रोग्राम भी ऑनलाइन ही होगा। कोरोना संक्रमण के कारण इस बार प्रवेश प्रक्रिया देर तक चली है। प्रवेश निपटने के बाद अब कक्षाएं लगाने की चुनौती है। उम्मीद जताई जा रही थी, दिवाली बाद छात्रों को बुलाकर पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी, लेकिन आइआइटी प्रबंधन अभी किसी तरह का जोखिम लेने के पक्ष में नहीं है। इस वजह से बीटेक प्रथम वर्ष की कक्षाएं भी ऑनलाइन लगाने का निर्णय लिया है। इससे पहले द्वितीय वर्ष से फाइनल तक की कक्षाएं ऑनलाइन चलाई जा रही हैं। आइआइटी के मीडिया प्रभारी डॉ. सुनील कुमार ने बताया, बीटेक प्रथम वर्ष की पढ़ाई 20 नवंबर से ऑनलाइन प्रणाली से शुरू होने जा रही है। ये कक्षाएं नियमित कक्षाओं की तरह ही रहेंगी। इधर, आइआइटी की तरह आइआइएम इंदौर में भी पीजीपी और आइपीएम की कक्षाएं ऑनलाइन ही लगेंगी। कोविड के दौरान आइआइटी ने रिसर्च स्कॉलर्स को बुलवा लिया था। तमाम सुरक्षा इंतजाम बरतने के बावजूद आइआइटी परिसर कोरोना से नहीं बच सका। एक-एक कर करीब आधा दर्जन छात्र और कर्मचारी संक्रमित हो गए थे।